दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

Reg.No.MH180326353

# पदमावत मीडिया

• डिजिटल संस्करण मुंबई से प्रसारित •

• न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे •

वर्ष : 11 • डिजिटल अंक : 84 • मुंबई,गुरुवार, 21 नवम्बर, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 • नि:शुल्क •

## थानाधिकारी धर्मेन्द्र को उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

पदमावत मीडिया



**सलूम्बर ।** विधानसभा उपचुनाव 2024 में सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र 156 के दौरान बेहतर कानून व्यवस्था और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के लिए झल्लारा थाने की टीम को विशेष सम्मान मिला। जनरल ऑब्जर्वर डॉ. जे. विजया रानी, आईएएस और पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव के निर्देशन में पुलिस टीम ने चुनाव आचार संहिता के तहत प्रभावी कार्रवाई की।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारीलाल मीणा, उप अधीक्षक हेरम्ब जोशी के सुपरविजन में अवैध नकदी, शराब, वाहन और अन्य सामग्री की जब्ती के साथ अपराधियों की धरपकड़ की गई।

इस दौरान झल्लारा थाने के थानाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह वाघेला और उनकी टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनके उत्कृष्ट कार्य को सराहते हुए जनरल ऑब्जर्वर डॉ. जे. विजया रानी ने थानाधिकारी और उनकी टीम को जिले में सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए सम्मानित किया।

## 24 घंटे में लूट का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिला सलूम्बर में थाना झल्लारा पुलिस ने लूट की वारदात का 24 घंटे में खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारीलाल मीणा व पुलिस उपाधीक्षक हेरम्ब जोशी के सुपरविजन में थानाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह वाघेला व उनकी टीम ने यह कार्रवाई की।

प्रार्थी दिनेश मीणा ने रिपोर्ट दी कि 18 नवंबर 2024 को वह भबराना पावर हाउस के पास मोबाइल पर बात कर रहा था। तभी दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आए और मोबाइल छीनने की कोशिश की। प्रार्थी के विरोध करने पर एक आरोपी ने उसका गला पकड़ा और धमकाते हुए चोट पहुंचाई।

थाना झल्लारा टीम ने त्वरित जांच कर आरोपी ओमप्रकाश मीणा, निवासी आमलवा, को गिरफ्तार किया। आरोपी से लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया गया। न्यायालय में पेशी के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।



पुलिस टीम में थानाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह वाघेला, सहायक उपनिरीक्षक किशोर सिंह, कांस्टेबल कपिल, कांस्टेबल मणीलाल शामिल रहे।

## विधान सभा जन-दर्शन सरपंचों और पंचों ने देखी विधान सभा

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान की विभिन्न ग्राम पचांयतो के सरपंचों, पंचो, जिला परिषद सदस्यों और समाज सेवियों ने राजस्थान विधान सभा को देखा। विधान सभा में स्थित राजनैतिक आख्यान संग्रहालय में राजस्थान के राजनैतिक आख्यानों का जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन किया।

राजस्थान विधान सभा में जन--दर्शन कार्यक्रम के तहत विधान सभा का अवलोकन करने आये ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण को विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का संदेश पढ़कर सुनाया गया। देवनानी ने विधान सभा आये हुए लोंगो का अभिवादन करते हुए कहा कि राजस्थान विधान सभा में स्थापित राजनैतिक आख्यान संग्रहालय विशिष्ट प्रकृति का संग्रहालय है। इस संग्रहालय के माध्यम से लोकतंत्र की स्वर्णिम गाथाओं से नवीन पीठी का पथ प्रदर्शित किया जा सकता है। यह संग्रहालय छात्रों, शोधार्थियों और राजनैतिक विज्ञान में रुचि रखने के साथ-साथ आम व्यक्तियों को भी लोकतंत्र से जोडता है। दिनांक 18 मई, 2024 को अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा जन-दर्शन कार्यक्रम की शुरुआत का मकसद भी यही था कि इससे विधान सभा के द्वार आमजनता के लिये खोल दिये जाय। इस संग्रहालय का अब देश और विदेश के पर्यटक निःशुल्क अवलोकन कर रहे है।



बुधवार को राजस्थान के विभिन्न अचलों से आये ग्राम पंचायतों के सरपंचों और पंचो ने विधान सभा में प्रवेश करके स्वय को गौरवान्वित महसूस किया। सभी ने विधान सभा के संग्रहालय में लगे हुए विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के चित्र के साथ फोटो खिचवाये।

## सहायक आचार्य- हिंदी (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती -2023

पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के अन्तर्गत हिंदी विषय के 214 पदों हेतु चतुर्थ चरण के साक्षात्कार का आयोजन 2 से 13 दिसंबर 2024 तक किया जाएगा

आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार--पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे।

साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

## राष्ट्रीय निगम योजना के संबंध में जागरूकता शिविर 26 को

**उदयपुर** राष्ट्रीय निगम योजनान्तर्गत एनबीसीएफडीसी वित्त विकास निगम, नई दिल्ली के सौजन्य से अनुजा निगम उदयपुर की ओर से नगर निगम प्रांगण में 26 नवंबर को एक दिवसीय जागरूकता शिविर किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय निगम योजनाओं के आवेदन करवाए जाएंगे। निगम के सहायक परियोजना प्रबंधक ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिये राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग एवं राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं के तहत् आवेदन प्रारम्भ हो चुके है। पात्र आवेदक जागरूकता शिविर का लाभ उठा सकते है। अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये वार्षिक, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी एवं दिव्यांगजन के लिये वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक नही हो। योजनान्तर्गत विभिन्न योजनाओं के आवेदन किये जा सकेंगे। प्रार्थी स्वयं अपनी एसएसओ आईडी से या ई मित्र पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं किसी ऋणदात्री संस्था का ऋणी नही होने की स्वघोषणा स्कैन करके साथ में अपलोड करनी होगी।

## बिछीवाड़ा पुलिस ने पकड़ी 10 लाख की अवैध शराब, ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर ।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 192 कार्टन राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब और बीयर से भरा ट्रक जब्त किया। इस मामले में ट्रक चालक ओमप्रकाश सिंह, निवासी धुकुलपुरा, जिला ब्यावर, को गिरफ्तार किया गया है। जब्तशुदा शराब की कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा और उप पुलिस अधीक्षक तपेंद्र मीणा के मार्गदर्शन में, बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश चंद्र सोनी ने 19 नवंबर को रतनपुर चौकी पर चेकिंग और नाकाबंदी शुरू की। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर उदयपुर से गुजरात की ओर जा रहे ट्रक (जीजे 06 एएक्स 9563) को रोका गया।

चालक ने शुरुआत में ट्रक में पेपर रोल होने की बात कही, लेकिन गहन तलाशी में ट्रक के गुप्त केबिन से 192 कार्टन शराब बरामद हुई। इसमें 8 पीएम, ग्रीन लेबल व्हिस्की और किंगफिशर ब्रांड की शराब व बीयर शामिल थी। कार्टनों पर 'फॉर सेल इन राजस्थान ओनली' लिखा हुआ था।

इस कार्रवाई को सफल बनाने में थानाधिकारी कैलाश चंद्र सोनी, हेड कांस्टेबल तुलसीराम, ड्राइवर कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह, कांस्टेबल युवराज सिंह, कांस्टेबल फतह लाल, कांस्टेबल मोतीलाल और कांस्टेबल कुंदन सिंह का विशेष योगदान रहा।

गिरफ्तार ट्रक चालक ओमप्रकाश सिंह को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।



## अवैध हथियारों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, थाना बड़गांव

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में चल रहे अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान के तहत थाना बड़गांव पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश औझा और वृताधिकारी नगर पश्चिम कैलाशचंद्र के सुपरविजन में थाना बड़गांव प्रभारी उप निरीक्षक रणजीत सिंह राठौड़ और उनकी टीम ने आज वामेश्वर महादेव मंदिर, पालड़ी के पास से कार्रवाई को अंजाम दिया।



पुलिस ने आरोपी करण नकवाल उर्फ गुनगुन, निवासी विजयसिंह पथिक नगर, सवीना को एक देशी पिस्टल और मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया। इसके साथ ही एक नाबालिग को धारदार चाकू सहित डिटेन किया गया। घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी भी जब्त की गई।मामले में प्रकरण आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में दर्ज कर अग्रिम जांच जारी है।

पुलिस टीम में उप निरीक्षक रणजीत सिंह राठौड़, थाना प्रभारी,हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह, कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह विशेष भूमिका, कांस्टेबल सुनील कुमार विशेष भूमिका, कांस्टेबल कैलाश चंद, कांस्टेबल प्रमोद कुमार, चालक जगपाल शामिल रहे।

## आरपीएससी: जारी हुआ उप निरीक्षक दूरसंचार के 98 पदों पर भर्ती का विज्ञापन

पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा गृह (ग्रुप-1) विभाग में उप निरीक्षक-दूरसंचार के कुल 98 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया है। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि उक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 नवंबर से 27 दिसंबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथा समय सूचित कर दिया जाएगा।

## आयोग सदस्य प्रो. अय्यूब खान की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा विभाग की डीपीसी आयोजित

### 11 हजार से अधिक शिक्षकों को मिलेगा पदोन्नति का लाभ

पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की डीपीसी बैठक का आयोजन आयोग सदस्य प्रो. अय्यूब खान की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान विभिन्न पदों हेतु के 11 हजार से अधिक शिक्षकों के पदोन्नति प्रकरणों पर विचार विमर्श किया गया

बैठक दौरान वाइस प्रिंसिपल, हेडमास्टर, प्राध्यापक के पदों हेतु विभिन्न वर्षों की रिव्यू डीपीसी तथा विभिन्न विषयों के प्राध्यापक, 9 संभागों के पीटीआई एवं लाइब्रेरियन के पदों पर पदोन्नति हेतु वर्ष 2021--22, 2022-23 की नियमित डीपीसी की गई।

बैठक में श्री मनीष गोयल, सना सिद्दीकी सहित विभिन्न संभागों के संयुक्त निदेशक इत्यादि भी उपस्थित रहे।

## प्रतापगढ़ में जिला स्तरीय जनजाति खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर व जिला प्रशासन एवं जिला खेल कूद प्रशिक्षण केन्द्र प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय जनजाति खेल कूद बालक/बालिका प्रतियोगिता का शुभारंभ आज खेल गांव मल्टीपरपज इण्डोर हॉल, प्रतापगढ़ में हुआ । इन खेलों में 16 वर्ष की उम्र तक के बालक / बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता के उद्घाटन की मुख्य अतिथि जिला कलक्टर डॉ.अंजलि राजोरिया रही , समारोह की अध्यक्षता जिला पुलिस अधिक्षक विनित कुमार बंसल द्वारा की गई तथा विशिष्ट अतिथि सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. मनीष जैन रहे, समारोह में जिला खेल अधिकारी डॉ. हिमांशु राजोरा भी मौजूद रहे । अतिथियों का स्वागत जिला खेल अधिकारी डॉ हिमांशु राजोरा, बालक छात्रावास अधिक्षक इन्दरमाल मीणा एवं आवासीय विद्यालय अधिक्षक अम्बालाल मीणा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर के किया ।

मुख्य अतिथि डॉ अंजलि राजोरिया ने भाग लेने वाले सभी खिलाड़ीयों को अपने खेलो को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रोत्साहीत किया , साथ ही उन्होंने अपने उद्बोषक में बताया की खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए राज्य सरकार ने सरकारी नौकरीयों में 2 प्रतिशत कोटा आरक्षित किया है । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पुलिस अधीक्षक विनित कुमार बंसल ने जिला कलेक्टर से निवेदन किया की राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों और राज्य स्तर पर जिले की विजेता टीमों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाए । जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. मनीष जैन ने खिलाड़ीयो को अपने लक्ष्य की और अग्रसर होने के लिए अनुशासन बनाये रखना को कहा जिससे वह राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सके । इस अवसर पर डॉ हिमांशु राजोरा ने बताया कि कबड्डी, खो-खो, बालिबॉल, तिरंदाजी, बास्केटबॉल, हॉकी व एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं बालक व बालिका वर्ग में होगी तथा फूटबॉल का खेल केवल बालक वर्ग में आयोजित होगा । प्रतियोगिताओं के आरंभ के अवसर पर खेलों में भाग ले रहे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए कलेक्टर डॉ. राजोरिया ने खेल मैदान में गोला फेंका एवं तीरंदाजी करी, साथ ही उन्होंने खेलों में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों से मुलाकात भी करी ।



## ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर कल अजमेर में

**अजमेर ।** ऊर्जा मंत्री की अध्यक्षता में कल दोपहर 12 बजे पंचशील स्थित अजमेर डिस्कॉम मुख्यालय में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड व राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। जनसम्पर्क अधिकारी सतीश सोनी ने बताया कि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में प्रबंध निदेशक (अजमेर डिस्कॉम), प्रबंध निदेशक (प्रसारण निगम), तकनीकी निदेशक (अजमेर डिस्कॉम), तकनीकी निदेशक प्रसारण (**Operations**), संभागीय मुख्य अभियंता, संबंधित वृत्तों के अधीक्षण अभियंता मौजूद रहेंगे।

बैठक के मुख्य एजेंडे» 1. कृषि कनेक्शनों की स्थिति और प्रगति 2. आरडीएसएस और कुसुम योजनाओं की वर्तमान स्थिति 3. रबी सीजन के लिए नियमित विद्युत सप्लाई की तैयारी 4. निगम भण्डारों में उपलब्ध सामग्री की स्थिति 5. पीएम सूर्य घर योजना 6. डिस्कॉम तंत्र की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाएं

## विशेष योग्यजन चिन्हीकरण शिविर 21 को श्रमजीवी में

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** माननीय मुख्यमंत्री की बजट घोषणा की अनुपालना में विशेष योग्यजन को कृत्रिम अंग उपकरण से लाभान्वित करने हेतु विशेष योग्यजन चिन्हीकरण शिविर 21 नवंबर को श्रमजीवी महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि इस शिविर में 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन को अंग उपकरण यथा ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, स्मार्ट कैन, बैसाखी, कान की मशीन इत्यादि से लाभान्वित करने हेतु चिन्हित कर उनका पंजीकरण किया जाएगा। साथ ही शिविर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना अंतर्गत 60 प्रतिशत या उससे अधिक चलन निःशक्तता वाले दिव्यांगजनों को बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राई साइकिल से लाभान्वित करने हेतु भी चिन्हित किया जाएगा। शिविर में पात्रजन अपने समस्त दस्तावेज यथा जनाधार कार्ड, आधार कार्ड, विशेष योग्यजन प्रमाण पत्र एवं फोटो के साथ अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। शिविर में चिन्हीकृत विशेष योग्यजनों को आगामी माह में आयोजित होने वाले वितरण शिविर में कृत्रिम अंग उपकरण एवं मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण कर लाभान्वित किया जाएगा।

# अखिल भारतीय मेनारिया ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज पानेरी का स्वागत समारोह



पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । पानेरियों की मादड़ी, उदयपुर में अखिल भारतीय मेनारिया ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज पानेरी, महामंत्री भरत मेनारिया धीनवा के साथ नवनिर्वाचित चारो जॉन के उपाध्यक्ष और मंत्री का गिर्वा जॉन के नवयुवक मंडल द्वारा भव्य रैली और का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया । रैली के दौरान जगह जगह समाजजनों द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियो का स्वागत किया गया । स्वागत समारोह एवं स्नेहभोज पानेरियों की मादड़ी स्थित होली चौक नोहरे में रखा गया

स्वागत समारोह में अध्यक्ष धीरज पानेरी पुरे समाज को एक जाजम पर आने का आग्रह किया । समाज हित में जो भी निर्णय होंगे वो समाज की एक जाजम से लिए जाएंगे ।

इस कार्यक्रम में बीजेपी के जिलाध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली, मेनारिया समाज गिर्वा जॉन, आस पास गाँव से आये समाजजन, डीएसपी हितेश मेहता, मेनारिया समाज ग्राम सभा पानेरियों की मादड़ी के सभी पदाधिकारी और क्रांतिकारी नवयुवक मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# नागरिक बैंक द्वारा मनाया गया सहकार भारतीय सप्ताह

पदमावत मीडिया

**भीनमाल** । जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. जालोर के परिसर में 71 वां अखिल भारतीय सहकार सप्ताह मनाया गया ।

जिसके तहत सहकारी संगठनों के बीच सहयोग को मजबूत करना के विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई। इस अवसर पर जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. जालोर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानन्द भट्ट ने गोष्ठी के प्रारम्भ में भारतवर्ष में सहकारिता की स्थापना पर प्रकाश डाला व अवगत कराया कि वर्ष 1905 में भारतवर्ष में सहकारिता की नीव पडी। जालोर सहकारी भूमि विकास बैंक लि. के सचिव नारयणसिंह चारण ने अपने संबोधन में बताया कि राजस्थान राज्य में सहकारी समिति का प्रारम्भ गांव विनायका जिला अजमेर में हुआ था। सहकारी विभाग के श्रवणकुमार प्रजापत ने सहकारिता का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के अन्तिम छोर के व्यक्ति को भी मिले ऐसा सभी को प्रयास करना चाहिए । जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. के ग्रामीण क्षेत्र की शाखाओं में दी जा रही लॉकर्स की सुविधा की भूरी-भूरी प्रशंसा की। पुरूषोतम पोमल पूर्व लेखाधिकारी ने काव्य / कविता के माध्यम से रोचक भाव से सहकारिता के विभिन्न संगठनों की भूमिका का उल्लेख किया। विचार गोष्ठी में उपस्थित धनराज दवे पेंशनर समाज के अध्यक्ष ने बताया कि भारत देश के हर महिला / पुरूष



में आदिकाल से सहकारिता की भावना कूट-कूट कर भरी हुई हैं। अंत में अपने अध्यक्षीय भाषण में ललित कुमार दवे उपाध्यक्ष जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. जालोर ने अपने अनुभवों को साझां करते हुए सहकरिता की समितियों में लोकतंत्र की पुरजोर मांग करते हुए कहा कि समितियों में प्रजातंत्र जितना मजबूत व पारदर्शी होगा, उतना ही उक्त संगठनों में उतरोत्तर विकास होगा। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण गुजरात की अमूल दुग्ध डेयरी व जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. का भी उल्लेख किया। गणेशराम मीणा, कान्तिलाल भण्डारी संचालक ने भी संक्षिप्त संबोधन दिया।

इस अवसर पर कनिष्क चौधरी, मोहनलाल परमार व मदनलाल माली इत्यादि उपस्थित थे। अंत में जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. जालोर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानन्द भट्ट ने सभी का सादर आभार व्यक्त किया।

# उदयपुर शहर के दो मोटरसाइकिल सवार राजस्थान यात्रा पर हुए रवाना

पदमावत मीडिया

**उदयपुर**.शहर के 2 राइडर्स, रुचिर शर्मा और सुनील श्रीमाली बुधवार को मोटरसाइकिल से पश्चिमी राजस्थान यात्रा पर रवाना हुए। 9 से 10 दिन की लगभग 2200 किमी यात्रा में दोनों होंडा 350 मोटरसाइकिल सवार पुष्कर, बीकानेर, अनुपगढ़, जैसलमेर, लोंगेवाला, तनोट माता, जोधपुर, रणकपुर होते हुए उदयपुर लोटेंगे। राइडर रुचिर ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य राजस्थान पर्यटन को बढ़ावा देना है, साथ ही इस यात्रा का उद्देश्य ये संदेश देना भी है कि राजस्थान में आरटीडीसी की सुविधा का उपयोग करके अकेले यात्री या पर्यटक भी सुरक्षित एवं किफ़ायति पर्यटन कर सकते हैं। इसलिए अपनी यात्रा के दौरान दोनों मोटरसाइकिल सवार सभी शहरो में आरटीडीसी के होटल में ही रुकेंगे। अपनी यात्रा पूरी होने के बाद दोनों सवार अपने अनुभव अधिकारिक रूप से साझा करेंगे।

उत्साहजनक बात यह है कि दोनों सवार पचास साल की उम्र पूरी कर चुके हैं। जल्दी ही दोनों सवार पूरे राजस्थान की यात्रा पूरी करने की योजना है। पिछले साल



ही इनकी उदयपुर से ॠषिकेश की मोटरसाइकिल यात्रा पूरी हो चुकी है। यात्रा के निकलते समय परिवार जन एवं मित्र आशीष नागर, सुनील मोगरा ने स्वागत करते हुए यात्रा की बधाई दी।

# पार्थ की प्रतिभा के कायल हुए बिग बी, केबीसी में अमिताभ को सुनाई कविता जूते खोलकर किया रामायण पाठ, 25 लाख पॉइंट्स जीतकर क्विट किया



पदमावत मीडिया

**भीनमाल** । इंदौर के महावीर नगर में रहने वाले नौ वीं कक्षा के छात्र पार्थ उपाध्याय को कौन बनेगा करोड़पति के 16 वें सीजन में नजर आए।

पार्थ ने अमिताभ बच्चन के सामने रामायण के सुंदरकांड और युद्ध कांड का वर्णन सुनाया। इससे पहले उन्होंने अपने जूते भी उतार दिए।

यह देखकर वहां मौजूद सभी दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। इसके बाद रामधारीसिंह दिनकर की कविता का पाठ भी किया। पार्थ ने 25 लाख पॉइंट जीते। यह प्वाइंट्स पार्थ के 18 साल के होते ही अकाउंट में पैसों के रूप में ट्रांसफर हो जाएंगे। शो के दौरान पार्थ ने अमिताभ बच्चन को उनके पिता हरिवंशराय बच्चन के मित्र महान कवि रामधारीसिंह दिनकर की कविता सुनाई। पार्थ ने वीर रस की रश्मी रथी का पाठ किया। बिना किसी गलती के काव्य पाठ करते देख अमिताभ और दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। यह देखकर अमिताभ बच्चन ने कहा कि मैं आपको बता दूं, दिनकर और बाबूजी करीबी दोस्त थे। वे अक्सर एक साथ समय बिताते थे । एक-दूसरे से मिलते थे, वह हमारे घर भी आते थे। जिस तरह से आपने बात की, यह बिल्कुल उसी ऊर्जा के साथ सुनाया । हां, उनकी आवाज थोड़ी गहरी थी, लेकिन आपने जो उच्चारण और आवाज का समायोजन किया वह वास्तव में उल्लेखनीय था।

पार्थ के माता-पिता अधिवक्ता अमित गरिमा उपाध्याय ने कहा कि बेटे का केबीसी के लिए चयन हमारे लिए दोहरी खुशी थी। बेटे को अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे देखना हमारे लिए कभी न भूलने जैसा है। अमिताभ बच्चन ने पार्थ के पापा मम्मी से कहा इस बच्चे को रोकना मत यह आने वाले समय में फिल्म इंडस्ट्रीज में मुझे भी बड़ा एक्टर बन सकता है। माई थो किंग के नाम से मशहूर हैं पार्थ । पार्थ को ऐतिहासिक और पौराणिक कथाओं की गहरी जानकारी है। रामायण, महाभारत के अलावा पार्थ की कविताओं में भी गहरी रुचि है। वेद-पुराण और पौराणिक कथाओं के पात्रों का भी पार्थ को अच्छा अनुभव है। इसका प्रदर्शन उन्होंने केबीसी में किया। यहां उन्होंने खुद को माई थो किंग के रूप में मशहूर बच्चा बताया। मलखंब, स्विमिंग, ज्योतिष एवं दर्जनों एक्टिविटीज को करने वाले पार्थ से दिखवाया बिग बी ने भी अपना हाथ ।

# सरकारी स्कूलों में बच्चों को स्वेटर वितरित किए

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर जिले के सरकारी स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण करने राजस्थान सेवा संस्थान उदयपुर के सेवा अभियान की बुधवार से शुरूआत हुई। संस्थान की टीम ने अभियान की शुरूआत करते हुए दो सरकारी स्कूलों में 56 बच्चों को स्वेटर वितरित किए, बच्चों ने हाथों-हाथ स्वेटर पहने और खुशी जाहिर की।

संस्थान की सेवा टीम के सदस्य युगल किशोर जोशी ने बताया कि बुधवार को बड़गांव पंचायत समिति क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय फेरनियों का




गुड़ा-द्वितीय (भील बस्ती) और राजकीय प्राथमिक विद्यालय फेरनियों का गुड़ा-प्रथम में कुल 56 स्वेटर वितरित किए। संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि संस्थान ने गत वर्ष 500 स्वेटर वितरित किए थे। इस बार भी सरकारी स्कूलों के छोटे बच्चों को सर्दी से बचाने 500 से अधिक स्वेटर वितरण का लक्ष्य रखा है। दोनों ही स्कूलों में अध्यापकों ने संस्थान के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि सर्दी का सीजन शुरू होते ही बच्चों को स्वेटर मिलने से पूरे सीजन में बच्चों को स्कूल आने में सर्दी के कारण परेशान नहीं होना पड़ेगा।

# 77 वें महाराणा के रूप में एकलिंग दीवान महाराणा श्री विश्वराजसिंह मेवाड़ का 25 नवंबर को होगा राजतिलक

पदमावत मीडिया

**मेनार** । मेवाड़ के 77 वें महाराणा के रूप में विश्वराजसिंह मेवाड़ का 25 नवंबर को चित्तौड़ दुर्ग के फतहप्रकाश महल में राजतिलक होगा। महाराणा विक्रमादित्य के राजतिलक के 493 वर्ष बाद चित्तौड़ दुर्ग पर मेवाड़ के महाराणा की गद्दी पर बैठने की परंपरा का आयोजन होगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और मेवाड़ के हजारों लोग राजतिलक के साक्षी बनेंगे।

**राजतिलक की ऐसी निभाई जायेगी परंपरा**

मेवाड़ के महाराणा की गद्दी पर बैठने के दस्तुर के लिए राजतिलक का परंपरागत उत्सव 25 नवंबर सोमवार सुबह 10 बजे चित्तौड़ दुर्ग के फतहप्रकाश महल में आयोजित होगा। राजतिलक परम्परा अनुसार सलूम्बर रावत देवव्रत सिंह राजतिलक की परंपरा निभायेंगे।उसके बाद उमराव, बत्तीसा व अन्य सरदार व सभी समाजों के प्रमुख लोग नज़राना करेंगे। कार्यक्रम के बाद रैली के रुप में उदयपुर सिटी पेलेस में धूणी के दर्शन करेंगे । यहां से एकलिंगनाथ मन्दिर पहुंचेंगे। जहां पर भगवान एकलिंगनाथ के आशीर्वाद से पण्डितों द्वारा महाराणा का शोक भंग करवा करके रंग बदला जाता है। जिसके बाद महाराणा सफेद के बजाएं रंग वाली पाग पहन सकें। इसके बाद शाम को समोर बाग पेलेस में रंग दस्तूर कार्यक्रम होगा, जिसमें महाराणा अपने परिवारजनों व सभी उमरावों व बत्तीसा को रंग सौंपते हैं ताकि सभी ठिकानेदार रंग वाली मेवाड़ी पाग पहन सकें।

**मेवाड़ के सभी समाजों के हजारों लोग बनेंगे साक्षी**

करीब 40 वर्ष बाद मेवाड़ की राजगद्दी के लिए महाराणा के राजतिलक की परंपरा का निर्वहन होगा। ये उत्सव मेवाड़ के सभी समाजजनों व साधुसंतों की उपस्थिति में आयोजित होगा। जिसमें मेवाड़ के सभी ठिकानेदार पारंपरिक वेशभुषा में शामिल होंगे तो वहीं विभिन्न राजपरिवारों के मुखिया भी इस कार्यक्रम में शरीक होंगे। इसके अलावा राजनैतिक, सांस्कृतिक, शिक्षा आदि क्षेत्र से जुड़ी शख्सियतें भी कार्यक्रम में शामिल होगी।

मेवाड़ राज वंश के ये 77 वें महाराणा जी श्री विश्वराज सिंह जी अपने स्वर्गीय पिता महाराणा श्री महेन्द्र सिंह जी व महाराणी निरुपमा कुमारी के 18 मई 1969 को महाराणा प्रताप



जयन्ती के दिन जन्मे। आपने सेंट जेवियर्स कॉलेज मुंबई से अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। मेवाड़ वर्तमान में नाथद्वारा से विधायक है और इनकी प|ि महारानी महिमा कुमारी मेवाड़ राजसमंद से सांसद है।

# जिला कलक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक मुख्य सचिव की बैठक से पूर्व तैयारियों की समीक्षा



पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । प्रदेश के मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत की अध्यक्षता में 23 नवम्बर को उदयपुर में प्रस्तावित उदयपुर एवं बांसवाड़ा संभाग की समीक्षा बैठक की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बुधवार को कलक्ट्रेट मिनी सभागार में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने बैठक के एजेंड़ा पाईन्टस् पर चर्चा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन सूचनाओं के साथ मुख्य सचिव की बैठक में समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रस्तावित बैठक के एजेण्डा पर पीपीटी के माध्यम से बिन्दू एवं विभागवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने गुड गवर्नेंस, जनसुनवाई, ई-फाइलिंग, कार्यालयों के आकस्मिक निरीक्षण, संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण, मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं की क्रियान्विति एवं प्रगति, जल जीवन मिशन, स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष्मान भारत सहित अन्य बिन्दुओं के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर श्री पोसवाल ने संपर्क पोर्टल पर विभाग वार लंबित प्रकरणों की विस्तृत जानकारी लेते हुए 30 दिन से अधिक पुराने सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने की हिदायत दी। साथ ही यथासंभव सभी कार्य ई-फाइलिंग के माध्यम से संपादित करने, फाइल के निस्तारण का औसत समय यथासंभव कम करने आदि के संबंध में भी निर्देशित किया। बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, एडीएम सिटी वारसिंह, सीईओ जिला परिषद हेमेंद्र नागर, डीआईजी स्टाम्प राजीव द्विवेदी सहित सभी विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। सरकार की पहली वर्षगांठ के कार्यक्रम को सफल बनाएं जिला कलक्टर श्री पोसवाल ने राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 दिसम्बर को प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में आयोजित होने वाली विकास प्रदर्शनी और जिला दर्शन पुस्तिका के प्रकाशन के संबंध में की गई तैयारियों के बारे में जनसंपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा व एपीआरओ विनय सोमपुरा से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिला दर्शन पुस्तिका एवं जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए सभी विभागों को सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों के संबंध में चाही गई जानकारी व फोटोग्राफ्स सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को तत्काल उपलब्ध कराने के लिए पाबंद किया।

**पंच गौरव कार्यक्रम का होगा आयोजन »**

बैठक दौरान जिला कलक्टर पोसवाल ने बताया कि सरकार की पहली वर्षगांठ पर पंच गौरव उत्सव मनाया जाना है। इसमें एक जिला एक उत्पाद, एक जिला एक खेल, एक जिला एक प्रजाति, एक जिला एक फल तथा एक जिला एक गंतव्य के तहत चिन्हित पंच गौरव के संबंध में जानकारी देते हुए संबंधित विभागों को इसके लिए आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्योग, खेल, वन, उद्यान व पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे चयनित गौरव की विशिष्टता के बारे में जानकारी देता हुआ एक पृष्ठ का नोट (चिन्हीत करने का कारण व उसकी विशिष्टता) की सॉफ्टकोपी (वर्ड फाईल) मय उच्च क्वालिटी के फोटोग्राफ सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उदयपुर के ई-मेल आईडी पर दिनांक 22 नवंबर, 2024 तक भिजवाना सुनिश्चित करें। यह है जिले के पंच गौरव » 1. उत्पाद - मार्बल, ग्रेनाईट व ग्रीन मार्बल के उत्पाद 2. खेल - तीरंदाजी

3. पेड़ प्रजाति -बांस/बेम्बू

4. फल - सीताफल

5. गंतव्य - फतेहसागर एवं पिछोला झील

# अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर वत्सल वार्ता का आयोजन

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । उदयपुर रेंज पुलिस तथा यूनिसेफ के सहयोग से बाल संरक्षण संबंधित विषयों पर जागरूकता के लिए वत्सल वार्ता का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुखेर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ हितेश मेहता की अध्यक्षता में किया गया। वत्सल वार्ता के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेश मेहता ने बालकों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा पुलिस थाना सुखेर के भ्रमण के लिए आमंत्रित करते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली को जानने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने बालकों को इंटरनेट के



माध्यम से होने वाले विभिन्न बाल दुर्व्यवहारों के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए मोबाइल पर किसी प्रकार का व्यक्तिगत डेटा साझा नहीं करने का सुझाव दिया। उन्होंने बालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनका पालन करने, किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने और विद्यालय के आस-पास किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ की बिक्री की सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। यूनिसेफ की बाल संरक्षण सलाहकार श्रीमती सिन्धु बिनुजीत ने बालकों से संवाद करते हुए सुरक्षित असुरक्षित स्पर्श के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होने चाइल्ड हेल्प लाईन 1098, साइबर हेल्पलाईन 1930 आदि के बारे में भी जानकारी दी। वत्सल वार्ता में प्रधानाचार्य शरद पारीक ने आभार जताया।

# सुरक्षा सखी संवाद पखवाडे में रेंज स्तरीय सम्मान समारोह सभी जिलों की सुरक्षा सखियों का हुआ सम्मान

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । उदयपुर रेंज पुलिस तथा यूनिसेफ के सहयोग से बाल संरक्षण हेतु संचालित कार्यक्रम पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक राजेष मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हर्ष रतनू के मार्गदर्शन में पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सुरक्षा सखियों का रेंज स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन रिजर्व पुलिस लाईन स्थित सभागार में किया गया। पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं और बालिका सुरक्षा पर व्यापक जागरूकता के लिए कार्य करने हेतु चयनित सुरक्षा सखियों का चयन सभी पुलिस थानों पर किया।

सम्मान समारोह में एएसपी हर्ष रतनू ने रेंज पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महिला सुरक्षा और बाल संरक्षण पुलिस की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने सुरक्षा सखियों द्वारा महिला सुरक्षा और बाल संरक्षण के लिए किए जा रहे निःस्वार्थ प्रयासों की सराहना करते हुए महिलाओं, बालकों और पुलिस के मध्य की महत्वपूर्ण कडी बताया। समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ हितेष मेहता ने सुरक्षा सखियों द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए सुरक्षा सखियों को पीडित महिलाओं और बालकों के लिए प्रथम सौपान बताते हुए समाज स्तर पर जागरूकता के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह में युनिसेफ की बाल संरक्षण सलाहकार श्रीमती सिन्धु बिनुजीत ने भी उपयोगी सुझाव दिए। सुरक्षा सखियों ने पुलिस अधिकारियों से विभाग के साथ कार्य करने में आने वाली मुख्य समस्याओं को साझा किया। सम्मान समारोह के दौरान रेंज के सभी जिलों से महिला सुरक्षा और बालिका सुरक्षा पर सराहनीय प्रयासों के लिए प्रतीक चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र पुलिस अधिकारियों एवं युनिसेफ प्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किए गए। समारोह के दौरान महिला थानाधिकारी राजसमंद संगीता, रिजर्व पुलिस लाईन के संचित निरीक्षक गुलाब सिंह, कार्यक्रम के आकाश उपाध्याय आदि के साथ रेंज के सभी जिलों से 50 से ज्यादा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) | सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा | उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है|